हरिभूमि
# छिंदवाड़ा भूमि
5
जबलपुर, सोमवार 11 अगस्त 2025
login : www.haribhoomi.com
पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदैव | अमरवाड़ा | हर्रई

## जुलूस में देखने को मिली कौमी एकता की मिशाल, हजारों युवा हुए शामिल

# भुजलिया जुलूस में आकर्षण का केंद्र रही आल्हा-ऊदल की झांकी





हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

शहर में रविवार को अस्त्र-शस्त्र का अद्भुत विधाओं के साथ भव्य भुजरिया जुलूस निकाला गया जिसमें सनातनी एकता और परंपरा का अद्वितीय संगम देखने को मिला। छोटी बाजार स्थित श्री बड़ी माता मंदिर में भुजरिया उत्सव समिति के महापर्व का शुभारंभ श्री बड़ी माता जी और राम मंदिर में पूजन के साथ हुआ। इसके बाद निकला विशाल जुलूस पूरे नगर को उत्साह और भक्ति से सराबोर कर गया। इस बार का मुख्य आकर्षण अस्त्र-शस्त्र की शास्त्रीय विधाओं के साथ अखाड़ों का नया प्रदर्शन रहा। गुप्तु उस्ताद श्री बड़ी माता व्यायाम शाला और श्री छोटी माता व्यायाम शाला के युवाओं ने अद्भुत करतब दिखाकर भीड़ को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### शहर के मुख्य मार्ग से निकला जुलूस

जुलूस में भुजरिया रथ, डीजे, बैंजो, भोलेनाथ की झांकी, वीर आल्हा ऊदल और पृथ्वीराज की सेनाएं, बहन चन्द्रावली की झांकी सहित सनातनी एकता के प्रतीक विभिन्न दल शामिल रहे, जिन्होंने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। नगर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए जुलूस का समापन बड़े तालाब पर हुआ।

### जुलूस में ये जनप्रतिनिधि हुए शामिल

कार्यक्रम में सांसद विवेक 'बंटी' साहू, महापौर विक्रम अहाके, निगम अध्यक्ष सोनू मांगो, भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव, पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना, आनंद बक्षी, सौरभ ठाकुर, अंकुर शुक्ला, समिति के संरक्षक कस्तूर चंद जैन, राजू चरणागर, अरविंद राजपूत, सतीश दुबे, समिति अध्यक्ष अजय चरणागर और सचिव कुशल शुक्ला सहित अनेक जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### श्री बड़ी माता मंदिर भुजलिया उत्सव समिति के महापर्व का शुभारंभ

श्री बड़ी माता जी एवं राम मंदिर में भुजलिया पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात निकले विशाल जुलूस ने पूरे नगर को उत्साह और भक्ति से सराबोर कर दिया। इस वर्ष का मुख्य आकर्षण, अस्त्र-शस्त्र की शास्त्रीय विधाओं के साथ अखाड़ों का नया प्रदर्शन रहा। गुप्तु उस्ताद श्री बड़ी



माता व्यायाम शाला एवं श्री छोटी माता व्यायाम शाला के युवाओं ने अद्भुत करतब दिखाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भुजलिया रथ, डीजे, बैंजो, भोलेनाथ की झांकी, वीर आल्हा-ऊदल एवं पृथ्वीराज की सेनाएं, बहन चन्द्रावली की झांकी सहित सनातनी एकता के प्रतीक विभिन्न दलों ने जुलूस की भव्यता को और बढ़ाया। नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए यह जुलूस स्थानीय बड़े तालाब में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सांसद माननीय विवेक 'बंटी' साहू, महापौर विक्रम अहाके, निगम अध्यक्ष सोनू मांगो, भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव, पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना , आनंद बक्षी , सौरभ ठाकुर , अंकुर शुक्ला , समिति के संरक्षक कस्तूर चंद जैन , राजू चरणागर, अरविंद राजपूत , सतीश दुबे , समिति के अध्यक्ष अजय चरणागर , सचिव कुशल शुक्ला सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समिति ने जिलेवासियों, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का हार्दिक आभार व्यक्त किया।



### आज सिंगोड़ी में ऐतिहासिक ईनामी भुजलिया उत्सव, चल समारोह के साथ मनमोहक शैला नृत्य और झांकी का होगा प्रदर्शन

**सिंगोड़ी:-** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्राम पंचायत सिंगोड़ी में विशाल ईनामी भुजलिया उत्सव का आयोजन सार्वजनिक भुजलिया उत्सव समिति सिंगोड़ी के तत्वाधान में किया गया है। संपूर्ण मध्य प्रदेश में छिंदवाड़ा जिले की सिंगोड़ी ग्राम की भुजलिया पर्व बहुत प्रसिद्ध है। समिति के अध्यक्ष योगेश यादव ने बताया कि सिंगोड़ी की भुजलिया ऐतिहासिक है जो विगत कई वर्षो से लगातार मनाई जाती है जिसमें 11 अगस्त दिन सोमवार को विशाल चल समारोह मनमोहक शैला नृत्य प्रतियोगिता एवं लाठी अखाड़े का अद्वितीय प्रदर्शन के साथ वीर आल्हा ऊदल सहित विभिन्न प्रकार के पात्रो की मनमोहक झांकी ग्राम के विभिन्न मोहल्ले से होते हुए निकलेगी। इस अवसर पर समिति द्वारा शैला नृत्य मंडलों को प्रथम पुरस्कार 5100 से लेकर चौदहवां पुरस्कार 1000 तक का ईनाम रखा गया है। जिसमें छिंदवाड़ा जिले सहित आसपास के अनेक ग्रामीण अंचलों से लोग भुजलिया पर्व में पहुंचते हैं इस अवसर पर दोपहर 1:00 बजे से शैला नृत्य मंडलों का प्रदर्शन प्रारंभ होगा और दोपहर 3:00 बजे से शोभा यात्रा श्री राम मंदिर सिंगोड़ी से प्रारंभ होकर नगर का भ्रमण करते हुए निकलेगी एवं शाम 5:00 बजे भुजलिया विसर्जन स्थानीय रीछन नदी में किया जाएगा। तत्पश्चात शाम 6:00 बजे से समस्त मुख्य अतिथियों का उद्बोधन एवं मंडलो को पुरस्कार वितरण किया जाएगा इस अवसर पर भुजलिया समिति ने समस्त जिले वासियों से भुजलिया पर्व पर अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की है और कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल 13 को निकलने वाली तिरंगा यात्रा में होंगे शामिल

छिंदवाड़ा। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विशाल तिरंगा यात्रा 13 अगस्त को दोपहर 1 बजे स्थानीय माता मंदिर चंदनगांव से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए शहिद अमित ठेंगे चौक बस स्टैंड पहुंचेगी। श्री यादव ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस तिरंगा यात्रा में शामिल होने 13 अगस्त को दोपहर 1 बजे छिंदवाड़ा पहुंचेंगे। श्री यादव ने बताया कि भाजपा पदाधिकार एवं कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का इमलीखेड़ा चौक पर भव्य स्वागत करेंगे। श्री यादव ने बताया कि स्वागत के उपरान्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष माता मंदिर चंदनगांव पहुंच कर तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। तिरंगा यात्रा के संयोजक प्रमोद शर्मा ने बताया कि तिरंगा यात्रा 13 अगस्त को दोपहर 1 बजे माता मंदिर चंदनगांव से प्रारंभ होकर ई एल सी चौंक, दशहरा मैदान, जिला अस्पताल, फव्वारा चौक होते हुए शहीद अमित ठेंगे चौक बस स्टैंड पर पहुंचेगी।

### जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

## दो गुटों में मारपीट, एक भर्ती एक घायल, मामला दर्ज


हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

चांदामेटा रोड पर साईं मंदिर के समीप दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई । जिसमें दोनों गुटों का एक - एक युवक घायल हुए हैं । एक छिंदवाड़ा अस्पताल में भर्ती बताया जा रहा है । पुलिस दोनों पक्षो की शिकायत पर विवेचना कर रही है ।मिली जानकारी के अनुसार चांदामेटा में रहने वाला दिनेश यदुवंशी अपने साथी टकलू और सतीश के साथ शनिवार 9 अगस्त को रात करीब 9 बजे परासिया आया और यहां आकर उसने ई डी सी में रहने वाले जुनैद नामक युवक को फ़ोन करके बुलाया , जुनैद जब साईं मंदिर के समीप पहुंचा तो दिनेश और जुनैद की आपस में बातचीत के दौरान विवाद हो गया । जिसके बाद दिनेश और उसके साथियों ने जुनैद के साथ मारपीट की । जिसके बाद जुनैद ने अपने भाई को फोन करके बुलाया । जुनैद का भाई अपने अन्य दोस्तों के साथ पहुंचा । जिसके बाद मारपीट और होने लगी । इस दौरान दिनेश को पीट में कोई धारदार हथियार लगने से वह घायल हो गया । सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संजय भलावी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे , तब मारपीट करने वाले भाग खड़े हुए । जो हाथ लगे पुलिस उनको पकड़ कर थाना ले आई । घायल दिनेश को परासिया में प्राथमिक उपचार के बाद छिंदवाड़ा भेजा गया । बताया जा रहा है , कि दिनेश और जुनैद के बीच पुराना विवाद है ।



# मालगाड़ी के आगे कूदा युवक दोनों पैर कटे, छिंदवाड़ा रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



शनिवार 09 अगस्त रक्षाबंधन की रात 9 - 10 बजे के बीच , एक युवक माल गाड़ी के आगे कूद गया । जिससे उसके दोनों पैर कट गए । रेलवे कर्मियों द्वारा घायल युवक को एम्बुलेंस से परासिया अस्पताल पहुंचाया गया , जहां से उसे छिंदवाड़ा अस्पताल रेफर किया गया ।माल गाड़ी डी जी एफ जे के ड्राइवर ने हेडक्वार्टर छिंदवाड़ा को सूचना भेजी , कि 09.08.2025 को परासिया छिंदवाड़ा स्टेशन के मध्य किलोमीटर नंबर 963 पर ट्रेन नंबर डी जी एफ जे मालगाड़ी के इंजन से एक व्यक्ति ट्रेन के पास आते ही इंजन के आगे कूद गया । जिससे इंजन से टकराने के कारण घायल हो गया । जिसके कारण उसके दोनों पैर कट गए । ट्रैन को तुरंत रोक दिया गया ।जिसके बाद डिप्टी एस एस ऑन ड्यूटी बृजेश गढ़वाल के द्वारा 108 एंबुलेंस को घटना स्थल पर पहुंचाया गया । बाद में प्रधान आरक्षक राजेश कुमार बघेल परासिया तथा उक्त घायल व्यक्ति के परिजन के द्वारा घायल व्यक्ति को 108 एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल परासिया पहुंचाया गया जिसे डॉक्टर सेहलाम द्वारा जिला अस्पताल छिंदवाड़ा के लिए रेफर किया गया। घायल व्यक्ति की पहचानपवन यादव पिता स्वर्गीय सुंदर यादव उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 8 चौकी मोहल्ला परासिया के रूप में की गई ।

## आदिवासी सर्वसमाज ने धूमधाम से मनाया विश्व आदिवासी दिवस

**बिछुआ।** समस्त आदिवासी संगठन ब्लॉक ईकाई बिछुआ के तत्वाधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित विश्व आदिवासी दिवस का कार्यक्रम दशहरा मैदान बिछुआ में प्रातः 10 बजे से बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें बड़ी संख्या में



आदिवासी समाज एकत्र हुए,कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से प्रकृति शक्ति बड़ादेव पूजन व गों गों के साथ शुभारंभ किया गया, बड़ादेव सुमरन सुमरनी, सामाजिक जन चेतना ,सुधार हेतू वरिष्ठ सगाजनों द्वारा उदबोधन दिया गया, भारत नाट्यम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई जिसमें बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने नाटक के माध्यम से दिया गया,सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य व गोंडी गीत की रंगारंग प्रस्तुति दी गई साथ ही सामाजिक क्षेत्र में विशेष कार्य हेतु सम्मानित और शिक्षा क्षेत्र में चयनित अभ्यार्थियों व प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया। गोंडी गीतों की रंगारंग प्रस्तुति,व ड्रोन एवं वीडियों कैमरे द्वारा समुचे कार्यक्रम का कवरेज किया गया स्वास्थ्य,शिक्षा,स्वरोजगार एवं व्यापार विषय पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई,समिति द्वारा वीर सैनिक शहीद कबीर दास के परिवारों को सम्मानित किया गया मंच का संचालन दया उईके विनोद मर्सकोले के द्वारा किया गया,कार्यक्रम के अंत में अपनी मांग को लेकर एस डी एम प्रभात मिश्रा को सामूहिक ज्ञापन सौंपा गया,साथ ही पूरे बिछुआ नगर में पुलिस प्रशासन भी अलर्ट रहा टी आई मोहन मर्सकोले द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था की गई,इस दौरान बड़ी संख्या में आदिवासी सर्वसमाज उपस्थित रहा।

## श्रीराम मंदिर में हुआ श्रावणी मास पूजन, एक साथ किया गया महाअनुष्ठान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी

हृदय स्थल श्री राम मंदिर में रक्षाबंधन के पावन शुभ अवसर पर श्री राम मंदिर आचार्य सुनील द्विवेदी जी के विशेष आग्रह पर छिंदवाड़ा जिले के विप्र ब्राह्मणों के द्वारा श्रावणी पूजन अनुष्ठान भक्ति भाव से पूर्ण हुआ सर्वप्रथम ब्राह्मणों के द्वारा पेंच नदी में बहु प्रकार से स्नान आदि की क्रियाएं की गई तत्पश्चात श्री राम मंदिर में विप्र ब्राह्मणों के द्वारा सामूहिक रूप से संस्कृत के प्रकांड विद्वानों के द्वारा विशेष मंत्रोच्चार किया गया विशेष अनुष्ठान के उपरांत यज्ञ हवन आदि की क्रियाएं संपन्न की गईतत्पश्चात श्रीमानस सेवा सत्संग समिति के अध्यक्ष पप्पू राव सोनी के निवास पर विप्र ब्राह्मणों को फलाहारी प्रसाद का वितरण कर दक्षिणा दी गई साथ ही विप्र ब्राह्मणों के द्वारा सभी भक्तजनों को आशीर्वाद प्रदान किया गयाअनुष्ठान के दौरान श्री राम मंदिर में ग्राम के समस्त धर्म प्रेमी बंधुओ सहित सैकड़ो की संख्या में माताओं,बहनों ने भाग लिया।

## एटक ने आयोजित किया परिचय सम्मलेन

**नए अध्यक्ष से रूबरू, हुए संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता**

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



श्रमिक संगठन एस के एम एस ( एटक ) ने रविवार को थाने के समीप पेंच स्टाफ क्लब परासिया में परिचय सम्मलेन आयोजित किया । जिसमें पेंच क्षेत्र के धनकशा से लेकर कन्हान क्षेत्र के तानसी तक के संगठन के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए । जो अपने नव निर्वाचित अध्यक्ष तेज प्रकाश सिंह ( ओवर मेन ) से रू - ब - रू हुए ।इस सभा को रामकेरा यादव , महामंत्री दया शंकर सिंह एवं नव निर्वाचित अध्यक्ष तेज प्रकाश सिंह के द्वारा सम्बोधित किया गया । सभी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं में आने वाले मेंबरशिप में एटक का अच्छा प्रदर्शन के लिए पुरजोर मेहनत करने के अपील की एवं देश में चल रही मजदूर विरोधी नीतियों के विरुद्ध एटक की पहचान के अनुरूप संघर्ष के लिए तैयार रहने की अपील की । कार्यक्रम में दयाशंकर सिंह , रामकेरा यादव , अरविंद यादव , अलीम खान , विनोद सिंह , मुरारी गौतम , वसीमुद्दीन मोहम्मद खान , नेपाल वर्मा , नदीम हनफी एवं समस्त इकाइयों से आए हुए प्रेसिडेंट एवं सेक्रेटरी शामिल रहे।

### इंटक के सक्रिय सदस्य और पदाधिकारी रहे हैं एटक के नए अध्यक्ष

श्रमिक संगठन एटक के नए अध्यक्ष तेज प्रकाश श्रमिक संगठन इंटक के सक्रिय पदाधिकारी और सदस्य रह चुके हैं । उन्होंने कहा , कि वे बीते दो - तीन साल से इंटक छोड़ना चाहते थे , उनका मानना है , कि वर्तमान में इंटक कोल इंडिया की किसी भी समिति में नहीं है , जिससे कार्यकर्ताओं में असंजस और असंतोष व्याप्त है । ऐसे में मजदूर हितों के लिए जो किया जाना चाहिए वो इंटक में रहकर नहीं किया जा सकता था । एटक में रहकर वे मजदूर हितों के लिए पूरी ताकत , मेहनत और ईमानदारी से काम करेंगे ।

# कलेक्ट्रेट सौंसर और पांढुर्ना के बीच में हो अमरावती रोड पर होना जनसुलभ नहीं

**सौंसर के भाजपा नेताओं के जमीन के बाजू में प्रस्तावित है कलेक्टर कार्यालय**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा





विधानसभा क्षेत्र पांढुर्ना के विधायक निलेश उईके और विधानसभा क्षेत्र सौंसर के विधायक विजय चौरे ने पांढुर्ना जिले के लिए जिला प्रशासन की ओर से अमरावती रोड पर शहर से लगभग 5 किमी दूर कलेक्टर कार्यालय बनाए जाने के जिला प्रशासन के निर्णय को सौंसर एवं पांढुर्ना के निवासियों के लिए काफी असुविधाजनक पीडादायी बताया है। सौंसर विधायक विजय चौरे ने कहा है कि अमरावती रोड पर सौंसर के बडे भाजपा नेताओं की जमीनें है, जिसके बाजू में पांढुर्ना जिले का कलेक्टर कार्यालय बनाए जाने का प्रस्ताव जिला प्रशासन की ओर से भोपाल भेजा गया है। इन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने सौंसर के बडे भाजपा नेताओं के दबाव में दबाव में यह जनविरोधी कार्य निर्णय लिया है। पांढुर्ना जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा कलेक्टर कार्यालय के लिए जो स्थान प्रस्तावित किया गया है वह पांढुर्ना और सौंसर दोनों तहसीलों तथा नांदनबाडी उपतहसील क्षेत्र के लाखों निवासियों के लिए भविष्य में कष्टदायक रहेगा।

सौंसर विधायक विजय चौरे ने सोशल मीडिया पर कलेक्टर के नाम बयान जारी कहा है कि साहब आप 2-3 वर्षों में यहां से चले जाओगे लेकिन पांढुर्ना और सौंसर में नागरिकों और हमारी आनेवाली पीढियों के लिए प्रशासन द्वारा भाजपा नेताओं के दबाव में लिया गया यह निर्णय काफी पीडादायक और कष्टकारक निर्णय साबित होगा। इन्होंने कलेक्टर कार्यालय के लिए मोरडोंगरी या इसके पहले कहीं स्थान चयन की मांग की है जिससे जिलाधीश कार्यालय में आवाजाही सौंसर और पांढुर्ना के नागरिकों के लिए आसान हो।

दूसरी तरफ पांढुर्ना विधायक निलेश उईके ने भी दैनिक हरिभूमि से चर्चा के दौरान कहा है कि अमरावती रोड पर पर 4-5 किमी दूर कलेक्टर कार्यालय बनाए जाने के स्थान पर पांढुर्ना और सौंसर के बीच उचित शासकीय जमीन पर कार्यालय बनना चाहिए। सौंसर और पांढुर्ना के बीच कलेक्टर कार्यालय बनाए जाने से सौंसर और पांढुर्ना के आम नागरिकों को कलेक्टर कार्यालय में आना जाना काफी सुविधाजनक और सुगम रहेगा। इसके अलावा नांदनबाडी और दूरस्थ आदिवासी बहुल्य ग्रामों के ग्रामीणों का तिगांव बाईपास के रास्ते सीधे कलेक्टर कार्यालय में आवागमन सुगम होगा। यदि अमरावती रोड पर 5 किमी दूर कलेक्टर कार्यालय बनता है तो हमारी आनेवाली पीढियां हमें हमेशा दोष देती रहेगी कि हमने यह निर्णय कैसे होने दिया ?

### सांसद ने रक्षाबंधन पर कुसमेली टेकडी में, शहीद विक्की पहाड़े के घर और मुस्लिम महिलाओं के घर में भी पहुंचकर बंधवाई राखी

# बहनों के आशीर्वाद से मुझे मिलती है काम करने की ऊर्जा: सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



बहनों से मिले आर्शीवाद से मुझे काम करने की उर्जा और संबल मिलता हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहनों का लखपति बनाने का संकल्प लिया था, जिसे पूरा करते हुए उन्होंने आज लाखों बहनों को लखपति बना दिया है। आगामी वर्षों मे यह संख्या निरंतर बढ़ती जायेगी। आज महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं। जो कि अपने घरेलू कामकाज के साथ ही परिवार चलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के व्दारा भी लाडली बहना के माध्यम से लाखों बहनो को प्रतिमाह करोड़ो रूपये की सहायता राशि दी जा रही है जिससे महिलाओं को संबल मिल रहा है। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रक्षा बंधन के अवसर पर वार्ड नंबर 16 कुसमेली टेकड़ी मे आयोजित रक्षाबंधन के कार्यक्रम में कही। इस दौरान सांसद जी ने बहनों से रक्षा सूत्र बंधवाकर उनका आर्शीवाद भी लिया। वही सांसद शहीद विक्की पहाड़े के निवास स्थान भी पहुंचे जहां उन्होंने शहीद विक्की पहाडे.की धर्मपत्नी एवं बहनों से राखी बंधवाई। वही सांसद ने मुस्लिम बहनों के घर में भी पहुंचकर राखी बंधवाते हुए उनका आर्शीवाद लिया।

### मुस्लिम बहनों ने माना प्रधानमंत्री का आभार

रक्षा बंधन के पावन पर्व पर वरिष्ठ भाजपा नेत्री पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुश्री शबनम खान के निवास स्थान पर पहुंचे सांसद बंटी विवेक साहू ने मुस्लिम बहनों से राखी बंधवा कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान सांसद ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास का नारा देकर उसे चरितार्थ करने वाले संवेदनशील प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुस्लिम बहनों को तीन तलाक जैसी सामाजिक कुरीति से छुटकारा दिलाया है। इस दौरान बहनों ने तीन तलाक कानून को लागू करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए सांसद बंटी विवेक साहू को राखी बांधते हुए स्नेहिल आर्शीवाद दिया।

### सांसद ने मंच पर दिया महिलाओं को सम्मान

रक्षाबंधन के अवसर पर कुसमेली टेकड़ी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने मंच पर प्रमुख पंक्ति में प्रमुख महिलाओं को बिठाते हुए उन्हें सम्मान दिया। इस अवसर पर उन्होंने सबसे पहले पुलिस कर्मी महिलाओं, महिला वकिलों, महिला डॉक्टरों, महिला शिक्षिकाओं सहित अन्य प्रमुख महिलाओं से सर्वप्रथम राखी बंधवाकर उनका आर्शीवाद लिया। इसके बाद सांसद श्री साहू ने कार्यक्रम मे उपस्थित सैकड़ो महिलाओं से राखी बंधवाते हुए उनका भी आर्शीवाद प्राप्त किया। रक्षा बंधन के पावन पर्व पर सांसद बंटी विवेक साहू ने वीर सैनिक अमर शहीद विक्की पहाड़े के निवास पर जाकर उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रृद्धांजलि अर्पित कर उनके परिजनों से भेंट की। इस दौरान उन्होंने ने शहीद की धर्मपत्नी और उनकी बहनों से राखी बंधवाते हुए उनका आर्शीवाद लिया।

## भुजलिया उत्सव समिति ने किया छात्र-छात्राओं का सम्मान

# भव्य आतिशबाजी के बीच मनाया गया भुजलिया पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

नगर के अलावा लोधीखेड़ा एवं मोहगांव हवेली में धूमधाम के साथ में रविवार को भुजलिया उत्सव मनाया गया,भुजलिया उत्सव को लेकर नगर के गलपेट चौक एवं वार्ड में आकर्षक सजावट की गई थी,नव विवाहित कन्याओं के द्वारा घरों के सामने झूले लगाकर सावन ओर स्वागत के गीत भी गाये,भुजलिया को लेकर आई नवविवाहित कन्याओं का आतिशबाजी और फूलों का वर्षाव कर स्वागत सत्कार किया गया,इस दौरान भुजलिया कार्यक्रम में बुनकर समाज से जुड़े परिवारों ने बड़े पैमाने पर भाग लिया, रक्षाबंधन के दूसरे दिन भुजलिया पर्व पर नव विवाहित कन्याओं भुजलिया का विसर्जन किया गया, देर रात तक चले आयोजन में बड़ी संख्या में बुनकर समाज ओर नगर वासियों ने आयोजन में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाया, नगर पालिका परिषद सौसर द्वारा आयोजन स्थल एवं भुजालिया घाट की विशेष साफ सफाई एवं रोशनी की गई थी।

### भुजलिया उत्सव समिति ने किया छात्र-छात्राओं का सत्कार

आयोजन के दौरान भुजलिया उत्सव समिति सौसर की ओर से प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओ का स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र देकर स्वागत सत्कार किया गया,भुजलिया उत्सव समिती, गलपेठ चौक सौसर के पदाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार भुजलिया उत्सव के दौरान बुनकर समाज के प्रतिभावान छात्र/छात्राओ जिन्होने 5 से 12 तक बोर्ड कक्षाओं की परीक्षा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर, सर्वोच्च अंक प्राप्त किया है,समिति द्वारा सम्मानित किया गया है। जिसमे छात्र प्रणय सुनिल सोनकुसरे,धानी विनोद धकाते,जय राजु निमजे,कु. प्राची दिलीप निमजे,कु.माही लालदास बैंडे,कौशिक रामु शेन्दरे,कु. हिमानी नरेश धकाते,कु. आयुषी देवदास धकाते आदि का समिति की ओर से स्वागत सत्कार किया गया है। इस दौरान नगर पालिका परिषद सौसर जनप्रतिनिधि,एवं पुलिस प्रशासन अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### ऐसे मनाया गया सौसर में भुजलिया उत्सव

भुजलिया उत्सव पूर्व में प्रचलित राजा आल्हाके समय से मनाया जा रहा है,एक कथा के अनुसार आल्हा की बहन चंदा जब सावन माह में ससुराल से में के आई तो तब नगर वासियों ने स्वागत किया था। कहां जा रहा है कि तब से यह परंपरा निरंतर चलते आ रही है, सावन महीने की अष्टमी नवमी को छोटे बॉस की टोकरियों में मिट्टी डालकर गेहूं या जो के दाने बोए जाते हैं,इन्हें रोजाना पानी दिया जाता है,और भुजलीया कहा जाता है,रक्षाबंधन के दूसरे दिन इन भुजलीयों का नदियो में विसर्जन किया जाता है, विसर्जन के पश्चात टोकनी से निकल गई, भुजरिया पहले परिवार और समाज के बुजुर्गों को देखकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है इस तरह भुजलिया का सौसर में उत्सव मनाया जाता है।

### खैरीतायगांव बुद्ध विहार में हो रहा वर्षावास कार्यक्रम

पारडिसंगा। बौद्ध समुदाय के द्वारा औद्योगिक क्षेत्र के बौद्ध विहारों में वर्षावास कार्यक्रम का आयोजन करते हुए तथागत भगवान गौतम बुद्ध और उनके धाम का वाचन किया जा रहा है। इस दौरान बुद्ध विहारों ने प्रतिदिन विभिन्न बुद्ध अंबेडकर मिशन से जुड़े हुए आयोजन भी संपन्न हो रहे हैं। ग्राम पंचायत खेरितायगांव के लुम्बुनी बौद्ध विहार में आषाढ़ पूर्णिमा से वर्षावास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।पवित्र वर्षावास कार्यक्रम में पूज्य भंते मंगलबोधी द्वारा प्रतीदिन बौद्ध विहार में तथागत भगवान गौतम बुद्ध डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के प्रतिमा अभिवादन के साथ में विपश्यना,धार्मिक चर्चा, बुद्ध और उसके धम्म का वाचन, पंचशील,



आर्य अष्टांगिक मार्ग, आदि पर मार्गदर्शन दिया जा रहा है। लुंबिनी बौध्द विहार से जुड़े हुए पदाधिकारी ने बताया कि आषाढ़ पूर्णिमा से शुरू हुआ यह वर्षवास कार्यक्रम तीन माह तक चलेगा समापन अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए समापन किया जाएगा, आयोजन में प्रतिदिनरमाई मैत्री भावना महिला मंडल के पदाधिकारी सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर धम्म का लाभ ले रहे है। प्रवचन के दौरान भंते मंगलबोधि के द्वारा तथागत भगवान गौतम बुद्ध के मध्यम मार्ग पर चलने से ही मानव जीवन का विकास औरसबका कल्याण होने की बात कही।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मदरसा मोहम्मदिया में पौधारोपण की अपील



जुन्नारदेवः एक पेड़ मां के नामः अभियान के अंतर्गत मदरसा मोहम्मदिया वार्ड क्रमांक 07 में पौधारोपण करने और लगाए गए पौधों की सुरक्षा के लिए टी गार्ड लगाने की अपील की गई है। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और सदका ऐ जारिया है। पौधारोपण के संबंध में इस्लामी शिक्षा का उल्लेख करते हुए बताया कि इस्लाम धर्म में पौधारोपण को एक नेक और सवाब का काम बताया गया है।जिसे सदका-ए-जारीया यानी ऐसा पुण्य कार्य माना जाता है, जिसका फल इंसान के जाने के बाद भी मिलता रहता है। कुरआन और हदीस में पेड़ लगाने, हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण की हिफाजत पर जोर दिया गया है।पैग़म्बर मोहम्मद ने फ़रमाया, "अगर कोई मुसलमान पौधा लगाता है और उस से इंसान, जानवर या परिंदे फ़ायदा उठाते हैं, तो यह उसके लिए सदका है।" पेड़ लगाना न केवल इंसानियत की सेवा है, बल्कि अल्लाह की रज़ा हासिल करने का जरिया भी है।गर्मी और पर्यावरण प्रदूषण से बढ़ते ख़तरों के बीच मदरसा मोहम्मदिया वार्ड नंबर 07 में टी गार्ड के साथ फलदार पौधारोपण करने अपील की गई है। ख्वाहिश मंद हजरत अपने मरहूमीन के नाम से पौधारोपण कर सदका ऐ जारिया के हकदार बन सकते हैं।

# धूमधाम से मनाया विश्व आदिवासी दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

छिंदवाड़ा जिले के चौरई में शनिवार को कम्युनिटी हाल मे दिन विश्व आदिवासी दिवस को बड़े धूमधाम से मनाया गया। इसमें पाटी सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों आदिवासी समाज की महिला पुरुष, युवक-युवती और बच्चे अपनी वेशभूषा में एकत्रित हुए।कम्युनिटी हाल से समाज के लोगों ने सांस्कृतिक रैली के साथ सामूहिक नृत्य करते हुए रवाना हुए। महिला-पुरुष आदिवासी समाज की वेशभूषा में आदिवासी समाज का वाद्य यंत्र मादल, ढुलिया, फेपारिया की धुन पर थिरकते रहे। इस दौरान खास बात ये रही कि डीजे की बजाय वाद्य यंत्र की धून पर नाच गाना हुआ। वहीं रैली में धर्मिक हथियार के साथ नजर आए। नगर में विश्व आदिवासी दिवस पर रैली के साथ नारेबाजी करते हुए समाज के लोग प्रमुख रोड से नगर मे भृमण से बस स्टैंड होकर साईं पेट्रोल पम्प तक भृमण किया यहां पर आदिवासी समाज के भगवान माने जाने वाले बिरसा मुंडा, रॉबिन हुड टंट्या भील,संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर, सावित्री बाई फुले सहित अन्य क्रांतिकारियों की आदिवासी समाज रीति-रिवाज अनुसार पूजा अर्चना कर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद सभी समाजजनों ने वक्ता के रूप में अपनी बात रखी। समाज के पूर्व जनपद अध्यक्ष वीरपाल इवनाती ने बताया कि विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बताया। कार्यक्रम में पाटी ब्लॉक के हर पंचायत के लोग उपस्थित रहे। वहीं नगर में सुरक्षा के मद्देनजर एसडीओपी भारती जाट चौहान, थाना प्रभारी गणपत उइके, तहसीलदार , सामाजिक कार्यकर्ता व विधायक सुजीत सिंह चौधरी,पूर्व विधायक रमेश दुबे, नपा अध्यक्ष पूर्णिमा जैन, विक्रम अहके,इसके अलावा विभिन्न सामाजिक समस्याओं को लेकर चौरई एसडीएम श्री प्रभात मिश्रा को वीरपाल इवनाती के नेतृत्व में सर्व आदिवासी समाज विकास समिति द्वारा ज्ञापन दिया गया ।कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई साथ ही नगर में सर्व आदिवासी समाज द्वारा नगर में बाजे गाजे के साथ रैली निकाली गई।

### पंडित रविशंकर स्कूल में घर घर तिरंगा रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता



जुन्नारदेव। शासन के निर्देशानुसार 2 अगस्त से 8 अगस्त तक विभिन्न विधाओं का आयोजन हर घर तिरंगा के अंतर्गत किया जाना है । इसी क्रम में नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव द्वारा संचालित पंडित रविशंकर स्कूल में घर घर तिरंगा विषय पर रंगोली के माध्यम रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें नपा अध्यक्ष रमेश सालोड़े ,उपाध्यक्ष श्रीमती सोनिया कुमरे,अपील समिति सदस्य संजय जन सभापति दीप्ति कांता हरि साहू ,राजेंद्र सूर्यवंशी ,लता देवेंद्र टांडेकर, स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं छात-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मोहोड ने किया बिरसा मुंडा प्रतिमा स्थापना का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम जामलापानी में क्रांतिकारी शहीद बिरसामुंडा के मूर्ति अनावरण हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ,लंबे समय से यहां पर आदिवासी समाज के द्वारा है भगवान क्रांतिकारी शहीद बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापना करने की मांग की जा रही थी,जिला भाजपा अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहोड़ के हस्ते भूमि पूजन कार्यक्रम किया गया, इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोहोड के द्वारा सभी आदिवासी बंधुओ भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापना एवं विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष में बधाई देते हुए कहा कि आदिवासी समाज में जन्मे हुए क्रांतिकारी शहीद बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र को हमने पढ़ना चाहिए और उनके द्वारा बताए गए कार्य को अंगीकार करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलना चाहिए,इस दौरान बोरगांव सरपंच पंकज दातारकर,धीरेंद्र करड़मारे,प्रदीप शाहने, राजू ढोके,सुधाकर जूनघरे आदि थे।

### बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधे रक्षा सूत्र

जुन्नारदेव। नगर में शनिवार 10 अगस्त को रक्षाबंधन पर हरसोलश के साथ मनाया गया। रक्षाबंधन पर बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधे और भाइयों ने भी अपनी बहनों की रक्षा का वचन दिया। नगरी क्षेत्र सहित ग्रामीण अंचल में रक्षाबंधन की धूम रही। नन्ही बहनों ने भी नन्ही कलाइयों पर राखियां बांधी जहां पर भाई-बहन का अनूठा और अटूट बंधन दिखाई दिया। इस अवसर पर बाजार क्षेत्र में जमकर भीड़ दिखाई दी। मुख्य तौर पर कपड़ा और मिष्ठान दुकान सजी रही जहां पर जमकर खरीदी हुई। देर शाम तक नगर में रक्षाबंधन पर्व की धूम रही जहां भाइयों ने बहनों को अनेकों उपहार भी भेंट किये।

### पूरे माह भर भक्तिमय वातावरण में हुए विविध धार्मिक आयोजन

# शांतिपूर्ण तरीके से बीता सावनमास, लाखों लोगों ने कोटेश्वर धाम लांजी में टेका माथा

हरिभूमि न्यूज लांजी। सावनमास के दौरान कोटेश्वर धाम लांजी में लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। यह धाम मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले की लांजी तहसील का एक प्रमुख तीर्थ स्थल के रूप में जाना जाता है। ओर भगवान शिव के 108 उपलिंगो में शामिल है। प्रतिवर्ष सावनमास के दौरान यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इस वर्ष भी सावनमास के दौरान कोटेश्वर धाम लांजी में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान कोटेश्वर नाथ महादेव के दर्शन किए, पूजा-अर्चना की और अपनी मनोकामनाएं पूरी करने के लिए प्रार्थना की। इस पुनीत अवसर पर प्रशासन का सहयोग और सेवा का पूर्ण सहयोग मिला, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं, जिनमें भोजन, पानी और चिकित्सा सुविधाएं शामिल थीं। कोटेश्वर धाम लांजी के पुजारी उदित गोस्वामी महाराज ने बताया कि सावनमास के दौरान यहां लाखों श्रद्धालु आते हैं और भगवान शिव के दर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन का सहयोग और सेवा का पूर्ण सहयोग मिलने से श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। सावनमास के दौरान कोटेश्वर धाम लांजी में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं।



*** पूरे क्षेत्र भर में हुए धार्मिक आयोजनः** धर्मनगरी लांजी में सावनमास के दौरान भक्तिमय वातावरण में विविध धार्मिक आयोजनों का आयोजन किया गया। अखंड रामायण पाठ से लेकर भजन- कीर्तन तक, नगर में हर जगह धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल था। लांजी के विभिन्न मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित किए गए इन आयोजनों में स्थानीय लोगों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं कोटेश्वर धाम परिसर में एकल अभियान संच द्वारा आयोजित अखंड रामायण पाठ के दौरान, श्रद्धालुओं ने रामायण के पाठ को सुना और भगवान राम की महिमा का गुणगान किया। वहीं, भजन-कीर्तन के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान के भजन गाए और उनकी महिमा का जश्न मनाया। इन आयोजनों के अलावा, क्षेत्र में विभिन्न अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिनमें हवन, यज्ञ और अन्य धार्मिक अनुष्ठान शामिल थे। इन आयोजनों के माध्यम से क्षेत्र के लोगों ने अपनी धार्मिक भावनाओं को व्यक्त किया और भगवान की महिमा का जश्न मनाया।

### विद्यार्थियों, सेनानियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं को किया जायेगा सम्मानित

# परंपरागत रुप से मनाया जायेगा स्वतंत्रता दिवस

## प्रभात फेरी, परेड, नृत्य, पी टी सहित होगे अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

आगामी 15 अगस्त को नगर में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन करने के संबंध में विचार विमर्श करने के लिए तहसील कार्यालय परिसर के सभा कक्ष में एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल द्वारा अधिकारियों, व्यापारियों, पत्रकारों सहित नागरिकों की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सभी ने अपने-अपने सुझाव एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल व जनपद पंचायत वारासिवनी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीक्षा जैन के समक्ष रखा। जिसमें ध्वजारोहण सहित मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन व सांस्कृतिक कार्यक्रम मनाने हेतु विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार नगर के बड़े शासकीय शिक्षण संस्थाओं द्वारा स्वतंत्रता दिवस के दिन प्रातः काल प्रभात फेरी निकाली जायेगी। जो नगर भ्रमण कर गॉधी चौक पहुॅचेगी, जहॉ पर होने वाले कार्यक्रम में विद्यार्थीगण भाग लेगे।

### रानी अवंतीबाई स्टेडियम में होगा मुख्य कार्यक्रम



मुख्य कार्यक्रम रानी अवंतीबाई स्टेडियम में होगा, जहॉ पर शासकीय स्कूल व महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा परेड में भाग लेकर राष्ट्र ध्वज को सलामी दी जायेगी। उसके साथ ही नृत्य, पी टी, झॉकी सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन भी होगा। जिनमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को पुरस्कृत किया जायेगा। इसके अलावा कार्यक्रम में कक्षा 10 वी व 12 वीं में उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों, खेलकूद व अन्य गतिविधियों में राज्य स्तर पर स्थान पाने वाल विद्यार्थियों, अंगदान व देहदान करने वाले नागरिकों, समाजसेवा, पत्रकारिता व अन्य क्षेत्रों में अपना सर्वश्रेष्ठ देने वाले नागरिकों का ट्राफी, शील्ड, प्रशस्ति पत्र आदि भेंट कर सम्मान किया जायेगा। जिसके लिए एक जूरी का गठन किया जायेगा।

### प्लास्टिक के तिरंगे झंडे के बेचने पर होगी कार्यवाही

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि शासन की मंशा अनुरुप हर घर तिरंगा फहराने के लिए जनमानस को जागरुक किया जायेगा। लेकिन इसके साथ ही प्लास्टिक के तिरंगे से दूर रहने की सलाह भी दी जायेगी। क्योंकि स्वतंत्रता दिवस के बाद लोग प्लास्टिक के तिरंगे को यहॉ-वहॉ फेंक देते हैं, जिससे उसका अपमान होता हैं। वहीं उसमें माइक्रो प्लास्टिक मिला रहता हैं, जो पर्यावरण को नुकसान पहॅुचाता है। बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार 3 विभागों की संयुक्त टीम इस बात की निगरानी रखेगी कि नगर में प्लास्टिक के झंडों की बिक्री ना हो पाये। यदि कोई प्लास्टिक के झंडे बेचते हुए पाया जाता है तो संपत्ति विरुपण के तहत कार्यवाही की जायेगी।

बैठक में वर्षा के मौसम को देखते हुए स्थान परिवर्तित करने के सुझाव भी नागरिकों द्वारा दिए गए, जिसमें कृषि उपज मंडी या आंबेडकर भवन में कार्यक्रम को करवाने के सुझाव आये, लेकिन विचार विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि बारिश के कारण यदि स्टेडियम में व्यवधान होगा, तो सभी बच्चे अपने-अपने स्कूलों में कार्यक्रम करेगे।

बैठक में शाहिद खान, आनंद ताम्रकार, गणेश सिंह ठाकुर, विनय सुराना, विक्रम देशमुख, शैलेन्द्र सेठी, अनीस खान, मोनू लिमजे, मिलिंद नगपुरे, दिलीप मराठे, चिंतामन नगपुरे, शिक्षक राजेश सोनेकर, शिक्षक राकेश मिश्रा, सीएमओ सूर्यकांत उके सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### कलार समाज की कार्यकारिणी की घोषणा

वारासिवनी। प्रगतिशील तहसील सर्ववर्गीय कलार समाज वारासिवनी की आवश्यक विशेष बैठक कलार समाज भवन गंगोत्री कालोनी में सम्पन्न हुई। बैठक में विशेष अतिथि के रुप में समाज के वरिष्ठ मार्गदर्शक, संयोजक एवं संरक्षक डी पी चौरागढ़े एवं नवनियुक्त समाज अध्यक्ष सुनील पिपरेवार उपस्थित रहे। बैठक में समाज की कार्यकारिणी के शेष पदों के नामों की घोषणा की गई। जिसमें उपाध्यक्षों में सर्वसम्मति से प्रदीप कोसरकर, महेश साहू, रिंकू चापूकर, वित्तीय सलाहकर जितेश बमनोटे आडिटर, मीडिया प्रभारी अजय डहाके, विधि सलाहकार पंकज पिपरेवार एवं अजय साकरे, पुष्पेन्द्र कलिहारी को मनोनीत किया गया।

# अहिल्या देवी होलकर संस्था द्वारा बांधा गया रक्षा सूत्र



हरिभूमि न्यूज उकवा।

अहिल्यादेवी होलकर संस्था द्वारा बांधा गया रक्षा सूत्र उकवा रक्षा बंधन भाई बहन के पवित्र संबंध के पुण्य संबंधों का स्मरणीय पर्व जो की हर वर्ष हर्ष से मनाया जाता है किंतु इस देश सेवा के सुरक्षा में तैनात बीएसएफ और सीआरपीएफ के जवान अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए इस त्यौहार को अपनों की याद करते हुए इस बंधन से वंचित रहते हैं इसी तारक में ग्राम की अहिल्यादेवी होलकर सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था के अध्यक्ष श्रीमती उषा गिरे द्वारा स्थानीय पुलिस चौकी उकवा प्रांगण एवं थाना रुपजर प्रांगण में रक्षा सूत्र बांधने का आयोजन रखा वहां पर तैनात जवानों को रक्षा सूत्र बांधा गया आयोजन हेतु चौकी प्रभारी श्री आकाश शर्मा उपनिरीक्षक भूपत सिंह अनिलउई के थाना के हॉक फोर्स के श्री डी एस पी संदीप बांगरे थाना प्रभारी श्री योगेंद्र दुबे सीआरपीएफ निरीक्षक श्री रुपेश कुमार सिंह श्री रावलकर प्रजापति रोशन कुमार श्री धर्मेंद्र परमार श्री मायाराम सरोत श्री बाबूलाल मीणा आदि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान कार्यक्रम में विशेष सहयोग रहा आयोजन में श्रीमती उषा गिरे समाजसेवी रामवती आरती उइक्के रसीला सहारे शोभा द्वारा जवानों की रक्षा सूत्र बांधकर उनके लिए मंगल कामना कर अपना सहयोग प्रदान किया।

### तालाव तथा नदी तट पर महिलाओं ने किया भुजरिया विसर्जन

# क्षेत्र में हर्ष उल्लास के साथ मनाया भुजरिया पर्व, रूठे हुए को मनाने का महोत्सव

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



मुख्यालय से लगभग 13 किलोमीटर दूरी स्थित ग्राम जाम में तालाब के तट पर महिलाओं के द्वारा 10 अगस्त को शाम 5 बजे भुजलिया विसर्जन किया गया जिसमें महिलाओं के द्वारा अपने अपने घरों के आंगन में भुजलिया को निकालकर पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात सभी महिलाएं एक स्थान पर एकत्रित होकर ढोल शहनाई द्वारा संगीत मय वातावरण में भुजलिया को लेकर कतार बद रूप से तालाब की ओर प्रस्थान किया तालाब के तट पर भुजलिया रखकर भुजलिया की परिक्रमा कर पूजन अर्चन किया गया एवं भुजलिया का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण जनप्रतिनिधि महिला युवक युवतियां एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे यही मुख्यालय सहित जामनेवरगांव, बंदरी, बहेंगाव, मोहगाव, छिंदलई, खैरगाव सहित अन्य ग्रामों में बाजे गाजे के साथ महिला युवक युवतियां सज धज कर भुजलियां की टोकरी लेकर तालाब, नहर, नदी तलैया, में पानी में ठंडा कर सर्वप्रथम भगवान को अर्पित कर रूठे हुवे को मनाने का महोत्सव है भुजली पर्व यह पर्व बुंदेलखंड में विशेष महत्व रखता है बुंदेलखंड मेंयह पर्व विजय के रूप में मनाया जाता है। इसी तरह जाम में भी महिलाएं युवतिया टाका तालाब में भुजलियाँ ठंडी कर अपने अपने बड़े बुजुर्गों को भेंट कर आशीर्वाद भी लिया आपको बता दे कि महिलाएं एक सप्ताह पूर्व पूजा अर्चना व आराधना कर बोया जाता है। भुजलियां पर्व पर लोगों में खासी खुशी उत्साह देखी जाती है।

खबर संक्षेप

### जिले में 31 अगस्त तक चलेगा नशामुक्ति जनजागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज सिवनी। उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सिवनी ने बताया कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित नशामुक्त भारत अभियान के पाँचवें वर्षगाँठ के अवसर पर जिले में 31 अगस्त 2025 तक नशामुक्ति जनजागरूकता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आयोजित कार्यक्रमों में जिले के सभी स्कूलों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक संस्थानों में इस अवधि में सामूहिक नशामुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित होंगे। 13 अगस्त 2025 को जिलेभर में विशेष नशामुक्ति जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत स्कूलों, महाविद्यालयों, स्वयं सहायता समूहों और युवा स्वयंसेवकों के लिए परिचर्चा, नुक्कड़ नाटक, प्रभातफेरी, रैली, दौड़ साइकल मैराथन, वृक्षारोपण कार्यक्रम तथा नशा छोड़ चुके व्यक्तियों के अनुभव साझा करने जैसे कार्यक्रम होंगे।जिले में आयोजित सभी गतिविधियों का पंजीयनऐप/वेबलिंक पर किया जाएगा, जिससे अभियान की मॉनिटरिंग और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।
उक्त कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु जिले के सभी संबंधित शैक्षणिक, सामाजिक एवं शासकीय विभागों के प्रतिनिधियों की बैठक 11 अगस्त 2025 को कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नशामुक्ति समिति के साथ आयोजित की जाएगी। इस बैठक में अभियान के संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

# केवलारी में मनाया भुजरिया पर्वः लोगों ने एक-दूसरे से भेंट कर खुशियां, आशीर्वाद बनाए रखने की कामना की

**केवलारी में हर साल की तरह इस साल भी रविवार को भुजरियां का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने एक झूले में भुजरियों को रखकर झूला झुलाया व परिक्रमा कर सुख-समृद्धि की कामना की और कजली गीत गाए।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।



इसके बाद महिलाएं यह यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर तालाब तक पहुंचीं। यहां पर भुजरियों की टोकरी विसर्जित कर भुजरियां अपने घर लाईं। इसके बाद एक-दूसरे से मिलकर मेहरबानी बनाए रखने की बात कीं। महिलाओं में माधुरी तिवारी, धनवती, प्रतिभा, मंजू, अभिलाषा, लता, रश्मि, शिल्पी, आदि ने भुजलिया की पूजा कर समीप की सागर नदी पहुँची। वही एक दूसरे को भुजलिया दी। अशोक तिवारी, विशाल मिश्रा ने बताया कि परंपरा वर्षों से चली आ रही है। यह आपसी प्रेम, स्नेह, सहयोग, उन्नति का प्रतीक है।

# श्री कृष्ण जन्म उत्सव पर्व को लेकर जिला यादव महासभा की बैठक हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



गत दिवस सिवनी में जिला यादव महासभा की बैठक जिला यादव महासभा के अध्यक्ष अरुण यादव एवं समस्त यादव महासभा के पदाधिकारियों की उपस्थिति में यह बैठक संपन्न हुई।
बैठक में आगामी 16 अगस्त को श्री कृष्ण जन्म उत्सव पर्व को लेकर जिला यादव महासभा के द्वारा आयोजित वाहन रैली दोपहर 2:00 बजे से कार्यक्रम स्थल पवन पुत्र व्यायाम शाला बरघाट नाका से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल पर ही समाप्त होंगी इस इस कार्यक्रम में जिला मुख्यालय सहित यादव महासभा लखनादौन के द्वारा आयोजित वाहन रैली सिवनी जिला मुख्यालय में शामिल होगी एवं इसके बाद दो दिवस विभिन्न कार्यक्रम होंगे जिला यादव महासभा के जिला अध्यक्ष अरुण यादव ने सभी सामाजिक बंधुओ से निवेदन किया है कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे व शांतिपूर्ण एवं उत्साह पूर्वक कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# ब्राह्मणों का मुख्य पर्व श्रावणी उपाकर्म विधि विधान से संपन्न हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



जिला ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में शनिवार को ब्राह्मणों का मुख्य पर्व श्रावणी उपाकर्म विधि विधान से संपन्न हुआ। प्रतिवर्ष अनुसार भगवान शिव की नगरी,शिव स्वरूप ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की प्राकट्य स्थली सिवनी के बैनगंगा तट लखनवाड़ा घाट में ,जिले के भूदेव ब्राह्मण बड़ी संख्या में प्रातः 9 बजे एकत्रित हुए।
निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले के विद्वान आचार्य गणो, संस्कृत आचार्य,पुजारी पुरोहित तथा सैकड़ो यज्ञोपवीत धारी ब्राह्मणों ने सनातन धर्म के सत्संकल्प विश्व का कल्याण हो जय घोष के साथ पुण्य सलिला बैनगंगा में 10 विधि स्नान कर देवताओं का आह्वन किया।
वैदिक मंत्रों के साथ हवन मेंआहुतियां दिया। इस दिव्य कार्यक्रम में सभी ब्रह्मनिष्ठा ब्राह्मणों ने, विद्वान आचार्य गणों के मार्गदर्शन में तीर्थ स्थान ,पंचगव्य प्राशन, हेमाद्रि संकल्प ,10 विध स्नान,सूर्योपस्थान, ऋषि पूजन, नूतन यज्ञोपवीत पूजन एवं धारण, देवर्षि पितृ तर्पण, प्राणायाम, किया। वैनगंगा घाट में लगातार 2 घंटे वैदिक मंत्रों के साथ चले ,इस ब्राह्मणों के वर्चस्व संवर्धक कार्यक्रम में सैकड़ो ब्राह्मणों के साथ ही, जिले के वयोवृद्ध संस्कृताचार्य श्रद्धेय पंडित जानकी वल्लभ मिश्र, विद्वान आचार्य गण पंडित सनत कुमार उपाध्याय, पुजारी संघ अध्यक्ष पंडित सोनू महाराज, धर्मवीर पंडित अजीत तिवारी, ख्याति लब्ध कथाकार पंडित अतुल रामायणी, योग सम्राट पंडित महेंद्र मिश्रा, जिला ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पंडित दिलीप तिवारी, पूर्व अध्यक्ष पं.ओमप्रकाश तिवारी, जिला संयोजक पं.अजय मिश्रा ,नगर अध्यक्ष पं.अशोक तिवारी, पं. जुगलकिशोर दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष पंडित भुवन भास्कर मिश्र एवं पं.अशोक मिश्रा, परशुराम वाहिनी अध्यक्ष सूर्यकांतचतुर्वेदी,पं. जितेंद्र पांडे मातृधाम, पं.प्रशांत तिवारी,पं. संजय तिवारी,की वरद उपस्थिति उल्लेखनीय रही।
नगर अध्यक्ष, ब्राह्मण समाज सिवनी पं. अशोक तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम के समापन अवसर पर पूज्य आचार्य गणों ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आशीर्वचन प्रकाशित किया । जिला ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पंडित दिलीप तिवारी ने सभी ब्राह्मणों का एकजुटता के साथ संपन्न, इस पर्व को सफल बनाने हेतु सभी विप्रजनों, पदाधिकारीओ का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम ,महाप्रसाद वितरण, फलाहार, तथा स्वल्पाहार के साथ सानंद संपन्न हुआ।

# दो तेज रफ्तार बाइकें आपस में टकराई 5 घायल

सिवनी जिले के घंसौर के दिवारी गांव के पास दो तेज रफ्तार बाइकें आपस में टकरा गईं। हादसे में पांच लोग घायल हो गए। इनमें से एक को गंभीर स्थिति में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना शनिवार रात तकरीबन 11 बजे की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, एक बाइक पर दो लोग घंसौर से दिवारी गांव जा रहे थे। दूसरी बाइक पर दो बच्चों सहित एक महिला और एक पुरुष चार घाट से घंसौर की ओर आ रहे थे। दिवारी गांव के पास पहुंचते ही दोनों बाइकें आपस में टकरा गईं। हादसे में घायल हुए लोगों में निहारिका (9) पिता गणेश बर्मन निवासी चार घाट देवरी, निशा बर्मन (9) पिता दिनेश बर्मन और सतेंद्र वर्मन (30) पिता राजकुमार वर्मन को मामूली चोटें आईं हैं। इनके साथ बाइक पर सवार एक महिला को कोई चोट नहीं आई है। दूसरी बाइक पर सवार दिनेश कुडोपा (25) औरकिन्नू कुडोपा (30) को गंभीर चोटें आई हैं। ये दोनों घायल किसान हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की सूचना पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल की स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि प्रारंभिक सूचना के अनुसार बाइक फिसलने से हादसा हुआ था। मामले की जांच की जा रही है।

# सड़क सुरक्षा हमारी नैतिक जिम्मेदारी: पूर्व न्यायाधीश अभय मनोहर सप्रे

**कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, ब्लैक स्पॉट सुधार से लेकर जनजागरूकता अभियान तक दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एवं सुप्रीम कोर्ट सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष अभय मनोहर सप्रे ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली।
बैठक में जिले में पिछले पांच वर्षों में हुई सड़क दुर्घटनाओं, ब्लैक स्पॉट चिन्हांकन एवं सुधार, चालानी कार्रवाई, जनजागरूकता अभियानों और नवाचारों की समीक्षा की गई।
श्री सप्रे ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का जीवन अमूल्य है, सड़क दुर्घटना से किसी की जान न जाए यह हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।
उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि ब्लैक स्पॉट सुधार, गति सीमा पालन, सड़क निर्माण के दौरान डायवर्जन संकेत, ज़ेब्रा क्रॉसिंग, स्पीड ब्रेकर और डिवाइडर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट तथा चारपहिया चालकों को सीट बेल्ट उपयोग के लिए प्रेरित करने, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख़्त कार्रवाई, वाहनों की फिटनेस और बीमा दस्तावेज़ों की जांच तथा मानक गति सीमा के उल्लंघन पर कार्रवाई के निर्देश दिए।
निर्माण विभागों को गड्ढे भरने और सड़कों के किनारे सांकेतिक बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही 'राहवीर योजना को प्रचारित कर दुर्घटना पीड़ति की मदद करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया।
बैठक में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन, अपर कलेक्टर सी.एल. चिनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा सहित परिवहन, यातायात एवं सड़क निर्माण विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत तहसील इकाई केवलारी कार्यकारणी का हुआ गठन

# रक्षाबंधन के पावन पर्व पर राखी बांध कर सदस्यता दिलाई गई

**अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का उद्देश्य ग्राहकों को जागरूक करना**



केवलारी ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम मानेगांव पर आज दिनांक 9/8/2025 दिन शनिवार को भाई बहन के पवित्र रक्षा बंधन के पावन पर्व पर से अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला इकाई सिवनी के तत्वाधान में केवलारी ब्लॉक कार्यकारणी का गठन हुआ। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के संभागीय संगठन मंत्री बृजेश जैन, सिवनी जिला अध्यक्ष दीपक तिवारी, सिवनी जिला उपाध्यक्ष बृजमोहन चंद्रवंशी, सचिव प्रदीप भगत का कार्तिकेय ठाकुर सिंघोडी सरपंच, दीपक साहू मानेगांव सरपंच एवं अन्य सदस्यों ने श्रीफल वस्त्र द्वारा भव्य स्वागत कर सम्मान किया, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के पदाधिकारीयो ने ग्राम मानेगांव सिंघोडी, में रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सभी सदस्यों को राखी बांधकर वस्त्र भेंट कर, मुख मीठा किए, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत तहसील इकाई केवलारी की सदस्यता दिलाई गई।
अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत सन 1974 रजि. क्र.एरा- 9194 दिल्ली से भारत के अन्य राज्यों में कार्यरत है, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के संभागीय संगठन मंत्री बृजेश जैन, सिवनी जिला अध्यक्ष दीपक तिवारी, सिवनी जिला उपाध्यक्ष बृजमोहन चंद्रवंशी, सचिव प्रदीप भगत के समक्ष केवलारी तहसील मनोनित अध्यक्ष कार्तिकेय ठाकुर, एवं प्रभात ठाकुर, बंटी साहू की उपस्थिति में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत तहसील इकाई केवलारी में सदस्यता अभियान के अंतर्गत कार्यकारणी गठित की गई।
1.कार्तिकेय ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष 2. प्रभात ठाकुर ब्लॉक उपाध्यक्ष 3 . बंटी साहू ब्लॉक उपाध्यक्ष 4. सत्यप्रकाश ठाकुर ब्लॉक सचिव 5. बंटी ठाकुर ब्लॉक सहसचिव 6 . आकाश नामदेव ब्लॉक सहसचिव 7. दीपक साहू ब्लॉक कोषाध्यक्ष 8 . कैलाश लाहोरी ब्लॉक प्रचार प्रमुख 9 . बृजेश चंद्रवंशी ब्लॉक पर्यावरण प्रमुख 10 . रचना ठाकुर ब्लॉक महिला आयाम प्रमुख अन्य सदस्य गण जितेश ठाकुर, बाबूलाल चंद्रवंशी, अंकित ठाकुर, अनिल पंचेश्वर, अर्जुन ठाकुर, सत्यम ठाकुर, संदीप साहू अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत सन 1974 रजि. क्र.एरा- 9194 दिल्ली से भारत के अन्य राज्यों में कार्यरत है।

**इनका कहना**

आज की जनरेशन में ग्राहकों को तरह-तरह से आर्थिक रूप से लूटा जा रहा है हमारा उद्देश्य है ग्राहकों को जागरूक करना, ग्राहकों का आर्थिक शोषण, प्रताड़ना को रोकना, संगठन के माध्यम से ग्राहक को सहायता प्रदान करना ।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत
संभागीय संगठन मंत्री महाकौशल
बृजेश जैन

## उत्साह पूर्वक मनाया गया रक्षाबंधन पर्व



हरिभूमि न्यूज सिवनी। सिवनी नगर में उत्साह पूर्वक मनाया गया रक्षाबंधन पर छोटी-छोटी बहनों ने बांधी राखी।

# विश्व आदिवासी दिवस पर हुआ विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छपारा।



विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर छपारा के कृषि उपज मंडी में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, हजारों की संख्या में आदिवासी महिला और पुरुष ने एक विशाल रैली निकालकर समूचे छपारा में भ्रमण किया,
डी जे की धुन पर महिला और पुरुष नाचते और थिरकते हुए नजर आए, रैली के पश्चात कृषि उपज मंडी में सामाजिक कार्यक्रम रखा गया जहां आदिवासी महिलाओं ने गोंडी नृत्य प्रस्तुत किया , वही केवलारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रजनीश हरवंश सिंह ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जहां विधायक रजनीश ने आदिवासी भवन बनाने हेतु समाज को 5 लाख रूपये की राशि अपने विधायक निधि से देने की घोषणा मंच से की, इस घोषणा पर आदिवासी समाज के अध्यक्ष ने उनका आभार व्यक्त किया।

**विश्व मूल निवासी दिवस मनाया गया**

विश्व मूल निवासी दिवस के अवसर पर बरघाट में सर्व समाज द्वारा रैली निकालकर आदिवासी मंगल भवन बरघाट विश्व मूल निवासी दिवस मनाया गया यह रैली बड़ा देव स्थल खुट से प्रारंभ होकर बरघाट नगर स्थित चौक चौराहा पर महापुरुषों की प्रतिमा पर पूजन अर्चन कर रैली आगे बड़ी सर्वप्रथम राजा भोज की आदमकद प्रतिमा पर गुंजन अर्चन किया गया, इसके बाद गांधी चौक स्थित बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर, बस स्टैंड स्थित अंबेडकर जी एवं महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

## एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत उमंग फाउंडेशन ने किया वृक्षारोपण

**बरघाट।** एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत उमंग फाउंडेशन के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री विद्या भूमि सिटी प्राइड स्कूल प्रांगण पर उमंग फाउंडेशन के पदाधिकारीयो द्वारा एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें श्री विद्या भूमि सिटी प्राइड स्कूल के प्राचार्य संदीप शुक्ला की विशेष उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया। प्राचार्य संदीप शुक्ला ने इस अवसर पर कहा कि वृक्षारोपण हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है जो कि हमें शुद्ध वातावरण अच्छी हवा और ऑक्सीजन उपलब्ध करा सकता है।
संदीप शुक्ला ने कहा कि पेड़ लगाना आपके परिवार ,पर्यावरण और आपके समुदाय के स्वास्थ्य में एक निवेश है। पेड़ लगाने के कई फायदे हैं पेड़ वायु प्रदूषण को कम करने और ऊर्जा संरक्षण में मदद करते हैं, यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाते हैं पेड़ हमारे घरों में ठंडी और स्वच्छ हवा लाते हैं और गर्मी के दिनों में छाया प्रदान करते हैं ,यह हमें सांस लेने के लिए ऑक्सीजन भी प्रदान करते हैं । हम जितने अधिक पेड़ लगाएंगे हमारे पर्यावरण और पूरे समुदाय के लिए उतना ही बेहतर होगा। साथ ही यह हमारे दैनिक जीवन के सुचारू संचालन के लिए अति महत्वपूर्ण है।

असहायों के मसीहा बने संजय शुक्ला उर्फ बबलू पंडा

# अब तक कर चुके हैं करीब 1000 अंतिम संस्कार

**क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता संजय शुक्ला उर्फ बबलू पंडा ने मानव सेवा की एक मिसाल पेश की है। किसी भी अंतिम संस्कार में इनकी महती भूमिका सहज ही देखी जा सकती है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनादौन।



आज के समय में सन्तानतनी प्रारूप में अंतिम संस्कार कर पाना काफी महंगा होता जा रहा है, लेकिन बबलू पंडा असहाय, गरीब एवं लावारिश लाशों का अंतिम संस्कार पूरी श्रद्धा के साथ मुफ्त में करते हैं। जो लोग सक्षम होते हैं, वे दी गई राशि लौटा देते हैं, लेकिन शेष खर्च का वहन बबलू पंडा स्वयं करते हैं। अब तक बबलू पंडा लगभग 1000 अंतिम संस्कार कर चुके हैं। उनका यह निःस्वार्थ सेवा कार्य समाज में मानवीय संवेदनाओं का अद्भुत उदाहरण है।

## स्वयं की परवाह न करते हुए अन्य की रक्षा करना-यह रक्षा के लिए जो बन्धन है-भाव सागर जी महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर सिवनी मध्यप्रदेश में महासमाधिधारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से दीक्षित एवं परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य परम पूज्य मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज, परम पूज्य मुनि श्री भाव सागर जी महाराज के सान्निध्य में एवं ब्रह्मचारी मनोज भैयाजी ललितपुर के निर्देशन में 9अगस्त 2025 को प्रातः काल की बेला में रक्षाबंधन महोत्सव के तृतीयचरण के अंतर्गत अभिषेक शांतिधारा, , रक्षाबंधन विधान के अर्घ समर्पित किए गए, आरती की गई, संगीत के साथ भक्ति की गई,मांगलिक क्रियाएं की गई ।
अनेक बहनों ने राखी की, मांगलिक क्रियाएं की, राखी सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार की घोषणा की गई,प्रभु को अनोखी राखी अर्पण की गई, श्री श्रेयांसनाथनाथ भगवान का मोक्ष महोत्सव मनाया गया निर्वाण लाडू अर्पण किया गया,
इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री भाव सागर जी महाराज ने कहा कि रक्षाबन्धन पर्व पर प्रत्येक व्यक्ति को धार्मिक, सामाजिक एवं लोकापकारी कार्यों की सम्पन्नता हेतु यथेष्ट दान अवश्य देना चाहिए। यह एक अद्भुत पर्व है। । यह वात्सल्य का प्रतीक है । रक्षा बन्धन अर्थात रक्षा के लिए बन्धन आजीवन बड़े उत्साह के साथ चलता है । यह रक्षा का बन्धन है । जीवों पर संकट आते हैं, हम चाहते हैं 'सुरक्षा'; मगर किसकी , मात्र अपनी और अपनी भौतिक सम्पदा की । आज यह स्वार्थपूर्ण सङ्कीर्णता ही सब अनर्थों की जड़ बन गई है- मैं दूसरों के लिए क्यों चिन्ता करूँ, मुझे बस मेरे जीवन कीछ चिन्ता है । मैं, मेरा, अपना, आज का सारा व्यवहार यहीं तक केन्द्रित हो गया। है । रक्षकपना समाप्त हो गया है , और भक्षकपना उसकी छाती पर चढ़ बैठा है । स्वयं की परवाह न करते हुए अन्य की रक्षा करना- यह रक्षा के लिए जो बन्धन है, वह सभी के लिए मुक्ति का कारण है । बाहर से मधुर और भीतर से कटुः ऐसा रक्षा बन्धन नहीं होना चाहिए ।

28वीं मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग चैंपियनशिप:

# सिवनी के निशानेबाजों का शानदार प्रदर्शन

**भोपाल में 7 से 9 अगस्त 2025 तक आयोजित 28वीं मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग चैंपियनशिप में सिवनी जिले के निशानेबाजों ने अपना दबदबा कायम किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



50 मीटर पीप साइट राइफल - प्रोन पोजीशन इवेंट में इन खिलाड़ियों ने बेहतरीन कौशल, सटीकता और समर्पण का प्रदर्शन किया, जिसका श्रेय उनके कोच यासीन सिद्दीकी की कड़ी मेहनत और मार्गदर्शन को जाता है।
इस प्रतियोगिता में मुबस्सिर खान पिता-बबलू पटेल (बरघाट),नातिक खान पिता-अब. रब (बबलू पटेल (कान्हीवाड़ा), मुशर्रफ खान पिता-मुस्तान खान (बालाघाट), सारीम खान पिता - अ$फरोज़ खान, अफ्फान खान पिता - अलीम खान (सिवनी), उज़ैर खान पिता-इर$फान खान (सिवनी) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीते. यह इन युवा खिलाड़ियों के वर्षों की मेहनत और लगन का परिणाम है, जिसने उन्हें यह सफलता दिलाई।
इस चैंपियनशिप की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि चार खिलाड़ियों-आसिम खान (पिता-स्वर्गीय सादिक पटेल, सिवनी), आमिर खान (पिता-स्वर्गीय आशिक खान, सिवनी), हरीश खान (पिता-स्वर्गीय जम्मु वेकेल) और अबू हसन (पिता-अब्दुल अहद, कान्हीवाड़ा) का ओपन प्री-नेशनल के लिए चयन हुआ है. यह सिवनी और मध्य प्रदेश के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है. इन खिलाड़ियों की सफलता ने जिले में शूटिंग के खेल को एक नई पहचान दी है और अन्य युवा प्रतिभाओं को भी इस खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है।

### सिर में मिले घाव, परिजनों ने जताई मारपीट की आशंका
## सीएम राईज स्कूल में काम कर रहे मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के खैरलांजी में निर्माणाधीन सीएम राईज स्कूल में काम कर रहे 45 वर्षीय मजदूर राजेन्द्र राहंगडाले की रविवार को जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई है।

लालबर्रा थाना क्षेत्र के लबादा निवासी राजेन्द्र की मौत पर परिजनों ने आशंका जताई है। मृतक के भाई कुंजीलाल राहंगडाले ने बताया कि सिर और मस्तिष्क में घाव होने से उन्हें शक है कि राजेन्द्र के साथ मारपीट की गई है। उन्होंने पुलिस से मौत के कारणों की जांच करने की मांग की है।



इस मामले में खैरलांजी के उपनिरीक्षक ने बताया कि जब राजेन्द्र को घायल हालत में भर्ती कराया गया था, तब वह बेहोशी की हालत में था। इस कारण उसके साथ हुई घटना का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

जानकारी के अनुसार, 8 अगस्त को राजेन्द्र को घायल अवस्था में ठेकेदार ने पहले खैरलांजी अस्पताल में भर्ती कराया था। बाद में उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। परिजनों को इसकी जानकारी व्हाट्सएप पर फोटो देखने के बाद मिली।

खैरलांजी पुलिस ने राजेन्द्र के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## सीएम यादव ने की हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान की प्रगति की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 10 अगस्त को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर एवं कमिश्नर की बैठक लेकर हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान एवं स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान की प्रगति की समीक्षा की। इस वीडियो कान्फ्रेंस में कलेक्टर श्री मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बैठक में कहा कि 2 अगस्त से 15 अगस्त तक संपूर्ण मध्य प्रदेश में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश में इसका प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन होना चाहिए। इस अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जड़ा जाए। लोगों में देश प्रेम और तिरंगे झंडे के प्रति सम्मान और गर्व की भावना पैदा करने के लिए जनसहयोग से विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाए। इसके साथ ही स्वच्छता के जागरूकता के लोगों को प्रेरित किया जाए। स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान में कार्यालय, स्वास्थ्य संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों, जल स्त्रोतों की स्वच्छता व सफाई के लिए श्रमदान के कार्यक्रम किए जाएं। इन अभियानों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

## रक्षाबंधन पर्व हर्ष उल्लास से मनाया, बहिनो ने भाई की कलाई पर बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

9 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। त्योहार की रौनक नगर सहित ग्रामीण अंचल में देखने को मिली। यह पर्व भाई और बहन के स्नेह व प्रतिबद्धता प्रतीक है। इस दिन बहनो ने अपने भाई की कलाई पर राखी बांधकर दीर्घायु की कामना की। शनिवार को सुबह उचित मोर्हत पर बहनो ने ताली सजाई, ताली में मिटाई व नारियल और आकर्षक रखी रखी और दिप प्रज्वलित किया। जिसके बाद भाई को बैठाकर सर पर रूमाल रखी, हाथ में नारियल रखा, माथे पर तिलक लगाकर कर आरती उतारी और दाहिने हाथ की कलाई पर राखी बांधकर मिठाई खिलाई। इस दौरान भाईयो ने भी बहन को रक्षा का वचन दिया और उपहार भेंट किया। रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर बाजार में रौनक देखने को मिली राखी से बाजार सज्जे हुए रहे। नगर सहित ग्रामीण अंचल में हलचल बनी रही।



## जनपद पंचायत किरनापुर के प्रांगण में एसडीएम ने हर घर स्वच्छता ,हर घर तिरंगा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

जनपद पंचायत के प्रांगण में एसडीएम मायाराम कोल ने हर घर स्वच्छता, हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 8 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक की गतिविधि कैलेंडर तथा ऑनलाइन रिपोटिंग टूल प्रेषित किया जा रहा है। हर घर तिरंगा घर-घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान को पूरे उत्साह के साथ लागू किया जा रहा है। यह अभियान न केवल राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देगा, बल्कि स्वच्छता और जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों को भी जोड़ेगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करना है। यह अभियान लोगों में देशभक्ति की भावना को जागृत करने के साथ-साथ राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को बढ़ावा देगा। यही नहीं प्रदेश सरकार का यह अभियान स्वच्छता और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाकर यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को भी मजबूती प्रदान करता है। मध्य प्रदेश सरकार इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है ,ताकि नागरिक इस उत्सव का हिस्सा बन सके ।इस वर्ष यह अभियान2 से 15 अगस्त 2025 तक तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा।



## 65 वर्षीय किसान धन सिंह की मौत

**बालाघाट।** बालाघाट के रामपायली थाना क्षेत्र में अनियंत्रित होने से 65 वर्षीय किसान धन सिंह मरकाम बैलगाड़ी समेत नहर में गिर गए। सूचना मिलते ही पुलिस और राज्य आपदा राहत बल (SDERF) की टीम मौके पर पहुंची। तीन घंटे सर्च ऑपरेशन के बाद किसान के शव को बाहर निकाला गया।



दरअसल, धनसिंह मरकाम बैलगाड़ी से खेत की ओर जा रहे थे, तभी नहर के किनारे सड़क पर अचानक बैल अनियंत्रित हो गए, जिससे बैलगाड़ी पलट गई और धनसिंह नहर के तेज बहाव में गिर गए। बैल किसी तरह नहर से बाहर निकलने में कामयाब रहे, लेकिन ज्यादा पानी होने के कारण धन सिंह उसमें डूब गए।

घटना की जानकारी परिजनों ने रामपायली पुलिस को दी। नहर में पानी का स्तर अधिक होने के कारण पुलिस को सर्चिंग में दिक्कतें आ रही थीं, जिसके बाद मुख्यालय से SDERF टीम को बुलाया गया। एएसआई महेश कुमार उईके के नेतृत्व में टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर सर्चिंग शुरू की। कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने नहर के गहरे पानी में डूबे धन सिंह मरकाम के शव को खोजकर बाहर निकाला और रामपायली पुलिस को सौंपा।

## आज फसल बीमा योजना की दावा राशि का किसानों के खाते में होगा हस्तांतरण

### जिले के किसानों के खातों में हस्तांतरित होगी 17.85 करोड़ रुपए की राशि

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

केंद्रीय कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान राजस्थान के झुंझुनू में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ सीजन 2024 एवं रबी सीजन 2023 की फसल बीमा दावा राशि का डीबीटी के माध्यम से किसानों के खाते में हस्तांतरण करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा भी उपस्थित रहेंगे। 11 अगस्त के कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के किसानों के खातों में बीमा दावा राशि के रूप में 1150 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित होगी । इसका लाभ बालाघाट जिले के किसानों को भी मिलेगा। राजस्थान के झुंझुनू में आयोजित इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्टर कार्यालय बालाघाट के एनआईसी कक्ष मे दिखाया जाएगा। इसमें जनप्रतिनिधियों के साथ जिले के किसान भी उपस्थित रहेंगे।

11 अगस्त को खरीफ सीजन 2024 की फसल बीमा दावा राशि के रूप में बालाघाट जिले की 12 तहसीलों के 01 लाख 22 हजार 272 किसानों के खातों में 17 करोड़ 74 लाख 09 हजार 171 रुपए तथा रबी सीजन 2023 की फसल बीमा दावा राशि के रूप में जिले की बैहर, बालाघाट, बिरसा, कटंगी, किरनापुर, लालबर्रा व वारासिवनी तहसील के 751 किसानों के खातों में 10 लाख 95 हजार 921 रुपए की राशि हस्तांतरित होगी। इस प्रकार बालाघाट जिले के किसानों को फसल बीमा दावा राशि के रूप में 17 करोड़ 85 लाख 05 हजार 92 रुपए की राशि प्राप्त होने जा रही है।

## सांसद श्रीमती भारती पारधी ने केन्द्रीय इस्पात मंत्री कुमारस्वामी से संसदीय क्षेत्र में औद्योगिक विकास के लिए चर्चा की



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी ने संसद सत्र के दौरान केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री श्री एच डी कुमारस्वामी से भेंट कर संसदीय क्षेत्र बालाघाट व सिवनी जिले को एक सशक्त और आत्मनिर्भर औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने के लिए संभावित योजनाओं, निवेश अवसरों और आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण पर विस्तृत व सार्थक चर्चा की। इस दौरान उन्होंने बताया कि बालाघाट जिला मैंगनीज, कापर, डोलोमाइट जैसे खनिज संसाधन से परिपूर्ण है और इन पर आधारित उद्योगों की संसदीय क्षेत्र में अच्छी संभावनाएं हैं। इससे बालाघाट सिवनी संसदीय क्षेत्र के युवाओं को रोजगार मिलेगा और इस क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। केन्द्रीय मंत्री श्री कुमारस्वामी ने इस पर सांसद श्रीमती पारधी को सकारात्मक सहयोग करने का आश्वासन दिया। सांसद श्रीमती पारधी ने बताया कि यह भेंट बालाघाट-सिवनी लोकसभा के औद्योगिक उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

## लंबित मॉगों को लेकर कोटवार संघ ने राजस्व मंत्री वर्मा को सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** कोटवार वेलफेयर सोसायटी संघ भोपाल के प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष प्रकाश वासनिक ने अपने साथियों के साथ प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह से भोपाल में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मध्यप्रदेश शासन द्वारा कोटवारों की मॉगों के संदर्भ में वर्ष 2007 से लेकर 2023 तक जारी किए गए आदेशों को शीघ्र लागू करवाने की मॉग करते हुए ज्ञापन सौंपा। जिसमें वर्दी व जमीन के पैसे खाते में जमा नहीं होने और उनके अलावा अन्य गंभीर मॉगों को पूरा करने की बात लिखी गई हैं।

प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष प्रकाश वासनिक ने बताया कि इस दौरान उनके साथ सागर जिला अध्यक्ष बहादुर चाडार, शाजापुर आनंद सूर्यवंशी, वारासिवनी से सिद्धार्थ वासनिक, रतलाम जिला अध्यक्ष मुकेश चौधरी, कटंगी से रामेश्वर ऊके, वारासिवनी से सुनील पटले, थाना कटंगी से सैलारे जी, सिवनी से अंकित गोंडाने और खैरलांजी से अखिलेश रंगारी उपस्थित रहे।

श्री वासनिक ने बताया कि राजस्व मंत्री करण सिंह को पत्र सौंपे जाने के बाद उन्होंने प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर जानकारी मंगाई है, साथ ही उन्होंने संगठन के द्वारा दिए गए ज्ञापन को प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग को भेजते हुए उसका जवाब देने कहा हैं।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा वर्ष 2024 में प्रावीण्य सूची में आने वाले 36 विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शासकीय कमला नेहरू कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024 के प्रावीण्य सूची में जिला/तहसील स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवम् तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 36 छात्र छात्राओं को सम्मानित कर पारितोषिक वितरण किया गया। इस अवसर पर कन्या किशोर कौशल अभिवर्धन शिविर का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम अध्यक्ष एवम् संस्था प्राचार्य के एल चौहान, विशिष्ट अतिथि जी एस बिसेन तहसील समन्वयक गायत्री परिवार वारासिवनी, हरि नारायण राहंगडाले शिक्षक, पीतम लाल बोपचे, चैतराम शिव, लक्ष्मीकांत जोगी, संस्थान से श्रीमती गीता टेंभरे, श्रीमती ललिता बोपचे, श्रीमती दिलेश्वरी ठाकरे, गायत्री परिवार बालाघाट से श्रीमती गायत्री पटले, श्रीमती किरण सुनेरी, वारासिवनी से श्रीमती प्रेमलता बिसेन, अभिभावक एवम् समस्त छात्र छात्राओं द्वारा पूजन अर्चन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

गायत्री परिवार वारासिवनी तहसील समन्वयक जी एस बिसेन ने बताया कि बालाघाट जिले में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में कुल 25 हजार छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। जिसमें वारासिवनी से 6 हजार छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। इस परीक्षा में जिला स्तर पर 9 छात्रों एवम् वारासिवनी तहसील स्तर पर 27 छात्रों ने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा वर्ष 2024 में वारासिवनी तहसील से जिला स्तर पर प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले पुरस्कार विजेताओं में क्रमशः चित्रराज खैरवार तृतीय प्राथमिक विद्यालय वारा, कुमारी पलक सुलाखे प्रथम छटवी श्री राम शाला दीनी, कुमारी परिधि बिसेन प्रथम सातवीं गांधी विद्या मंदिर वारासिवनी, कुमारी यामिनी तिलासे तृतीय सातवी सन राइस स्कूल डोंगरमाली, दर्श असाटी प्रथम नवमी ग्रीन वेली डोंगरिया, कुमारी जागृति सोनकुसरे तृतीय नवमी आइडियल स्कूल चंदौरी, कुमारी पायल गहगहे द्वितीय दसवीं शासकीय हाई स्कूल कायदी, शुभम बिंझेवार प्रथम ग्यारहवीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेंडकी एवं कुमारी अनामिका धुर्वे तृतीय शंकर साव पटेल शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी शामिल रही।

वही वारासिवनी तहसील स्तर पर प्रावीण्य सूची में प्रियल डहरवाल प्रथम पांचवी प्राथमिक विद्यालय चंदोरी, कृति खैरवार द्वितीय पांचवी प्राथमिक विद्यालय बनियाटोला, निखिल भूरे तृतीय प्राथमिक विद्यालय वारा, आरमी देवेश्वर प्रथम छटवी प्राथमिक विद्यालय कोसरीटोला, तनिश नगपुरे द्वितीय छटवी श्रीराम माध्यमिक विद्यालय दीनी, अनिया गजभिये तृतीय छटवी शासकीय माध्यमिक विद्यालय कौलीवाड़ा, लेखा सहारे प्रथम सातवी सन राइस प्राइड स्कूल रामपायली, पूर्णिमा बिसेन द्वितीय सातवी गुरुकुल कोचेवाही, तनवी बघेले तृतीय सातवी होनेबल इंग्लिश स्कूल रामपायली, किंजन नागेश्वर प्रथम आठवी शासकीय माध्यमिक विद्यालय कोसरीटोला, श्रावणी मेश्राम द्वितीय आठवी शासकीय माध्यमिक विद्यालय कौलीवाड़ा, मोहित बिसेन तृतीय आठवी शासकीय माध्यमिक विद्यालय कौलीवाड़ा, कौशिकी हरिनखेरे प्रथम नवमी आइडियल पब्लिक स्कूल चंदौरी, समंक मातरे द्वितीय नवमी शासकीय हाई स्कूल बेनी, ईरान ठाकरे तृतीय नवमी शासकीय हाई स्कूल गर्रा, माही खैरवार प्रथम दसवीं शासकीय हाई स्कूल कायदी, खुशी मचाडे द्वितीय दसवीं गायत्री हाई स्कूल डोंगरमाली, रूपांशी मंडरेले तृतीय दसवीं शासकीय हाई स्कूल कायदी, आर्यन लिल्हारे प्रथम ग्यारहवीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कायदी, पल्लवी मर्सकोले द्वितीय ग्यारहवीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कायदी, दुर्गेश्वरी इडपाचे तृतीय ग्यारहवीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झालीवाड़ा, संजना चिमनानी प्रथम बारहवीं कमला नेहरू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी, भानुप्रताप बंसोड़ द्वितीय बारहवीं जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी, गंगोत्री चित्रीव तृतीय बारहवीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गर्रा, रंजनी सोनवाने प्रथम शंकर साव पटेल शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी, अंजली बिसेन द्वितीय शंकर साव पटेल शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी एवं रिया कटरे तृतीय शंकर साव पटेल शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी ने स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## कोष्टी समाज के युवाओं ने नगर में निकाली बाइक रैली

### कबीर दास के दोहों से गूँजा नगर

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

नगर में भुजलिया पर्व प्रतिवर्षानुसार धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष भी कोष्टी समाज के युवाओं द्वारा सुबह लगभग 10 बजे बाइक रैली निकाली गई। यह रैली कबीर साहेब के जय घोष के नारों के साथ स्थानीय कबीर कुटी भवन से प्रारंभ हुई।

जिसके बाद यह रैली गोलीबारी चौक, वर्मा मोहल्ला, कोष्टी मोहल्ला, गॉधी चौक, आंबेडकर चौक, नेहरु चौक, बस स्टेण्ड, दीनदयाल चौक, बालाघाट रोड होते हुए पुनः दीनदयाल चौक, कॉलेज चौक, जय स्तम्भ चौक, नेहरु चौक, दुर्गा मंदिर होते हुए पूरे नगर का भ्रमण करने के बाद वापस कबीर कुटी भवन में रैली का समापन किया गया। इस दौरान डी जे की धुन पर कबीर दास जी के दोहे पूरे समय गूॅजते रहे। इस रैली के दौरान कोष्टी समाज के युवाओं ने चौक-चौराहों पर रुक कर डी जे की धुन पर जमकर नृत्य भी किया।



इस रैली का नेतृत्व कोष्टी समाज अध्यक्ष मनीष हेड़ाऊ द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि यह बाईक रैली प्रतिवर्ष भुजलियॉ पर्व के दिन निकाली जाती है। जो कबीर दास जी का संदेश जन-जन तक पहुँचाने के लिए उनके दोहो व गीतों को डी जे माध्यम से पूरे नगर में बजवाया गया।

## किसानों को संयुक्त कृषि का दे रहे हैं संदेश

**बालाघाट।** बालाघाट विकासखंड के ग्राम केशलेवाड़ा के युवा कृषक विजय रहांगडाले जिले के अन्य किसानों के लिए एक मिसाल बन कर उभर रहे हैं। विजय रहांगडाले मुर्गी पालन, मत्स्य पालन के साथ ही धान और केले की खेती कर किसानों को संयुक्त खेती की नई राह दिखा रहे हैं। विजय रहांगडाले ने अपने खेत में मुर्गी पालन के लिए पोल्ट्री फार्म लगाया हुआ है। अब उसने पोल्ट्री फार्म के करीब ही मत्स्य पालन के लिए टैंक बना लिया है और उनमें रोहू, कतरा, मृगल और रूपचंदा प्रजाति की मछलियों का बीज डाला है।

